**भर्राशाही** | बिलगांव माध्यमिक शाला का मामला, जागृति समूह का कारनामा, मैन्यू के अनुसार नहीं परोसा जा रहा मध्यान्ह भोजन

# 55 बच्चों को आधा लीटर दूध की खीर, कैसा पोषण आहार





**अमरपुर, नवभारत 30 दिसंबर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रहे शासकीय स्कूल एवं आंगनबाड़ी में प्रदाय होने वाला मध्यान्ह भोजन इन दिनों स्कूली छात्र-छात्राओं सहित आंगनबाड़ी के बच्चों को पोषण युक्त नहीं परोसा जा रहा है। स्व-सहायता समूह सरकार से मैन्यू के अनुसार भुगतान प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन भोजन गुणवत्ताहीन दिया जा रहा है। विभागीय जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने से स्व सहायता समूह के हौसले बुलंद हो रहे है।

स्कूली बच्चों की थाली से पोषण युक्त आहार जिम्मेदारों की चुप्पी के चलते गायब हो चुका है। पोषण आहार केवल कागजों में ही बच्चों को प्रदाय कराया जा रहा है। बता दें कि समूह द्वारा निर्धारित मैन्यू के अनुसार प्रतिदिन स्कूली छात्र-छात्राओं को भोजन उपलब्ध कराने में लापरवाही बरती जा रही है, जिस पर स्कूल संस्था प्रमुख भी मौन धारण किये हुए हैं। कहना गलत नहीं होगा स्कूली बच्चों के हक पर डाका डालने में समूह लगे हुए हैं।

### स्व-सहायता समूह की करतूत उजागर

डिंडोरी जिले के अमरपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सांभर के बिलगांव ग्राम में स्थित माध्यमिक शाला बिलगांव में स्कूली बच्चों को मिलने वाला मध्यान्ह भोजन मैन्यू के अनुसार नहीं परोसा जा रहा था, जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंच कमलेश मरावी को दी गई। सरपंच कमलेश मरावी द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया कि जागृति समूह द्वारा निर्धारित मैन्यू के अनुसार स्कूली बच्चों को भोजन नहीं परोसा जा रहा है।

### सरपंच ने किया खुलासा

बता दें मंगलवार को माध्यमिक शाला बिलगांव में स्कूली बच्चों को जागृति समूह द्वारा 8 आलू एवं एक पाव मेथी की सब्जी एवं 12 गिलास चावल, जिसमें आधा लीटर दूध से माढ़ युक्त खीर 55 स्कूली बच्चों सहित आंगनबाड़ी के बच्चों को बनाकर परोसी गई। नियमानुरूप पूड़ी, छोले की सब्जी, मटर की सब्जी, खीर एवं हलुआ परोसा जाना था, लेकिन जागृति समूह के जिम्मेदारों द्वारा ऐसा नहीं किया गया। इसका खुलासा ग्राम पंचायत के सरपंच कमलेश मरावी द्वारा किया गया।

### समूह द्वारा इन मानकों का पालन नहीं किया जा रहा

जानकारों की माने तो मिड डे मील योजना का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों खासकर प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्रों के पोषण स्तर में सुधार करना, स्कूल में उनकी उपस्थिति बढ़ाना, ड्रॉप आउट दर को कम करना और सामाजिक समानता को बढ़ावा देना है। इसके तहत उन्हें पौष्टिक पका हुआ भोजन उपलब्ध कर बच्चों को आवश्यक कैलोरी प्रोटीन और पोषक तत्व प्रदान कर उनके पोषण स्तर को बेहतर बनाना भी मुख्य उद्देश्य रहा है, लेकिन स्कूलों में भोजन देने वाले समूह द्वारा इन मानकों का पालन नहीं किया जा रहा। इससे सरकार की कोशिशों पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

### इनका कहना है

स्कूल में 55 बच्चे अध्यनरत है। मध्यान्ह भोजन जागृति समूह द्वारा चूल्हे पर बनाया जा रहा है, जबकि नियम गैस सिलेंडर के हैं। गैस सिलेंडर का रेगुलेटर टूटा हुआ है, जिसे समूह द्वारा नहीं बदला गया है। एक महीने से चूल्हे पर ही मध्यान्ह भोजन तैयार किया जा रहा है, जिसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को उपलब्ध कराई जा चुकी है।

**सरजू लाल यादव,**
**शिक्षक बिलगांव माध्यमिक शाला बिलगांव**

मुझे ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त हुई थी कि स्कूली बच्चों को समूह द्वारा मैन्यू के अनुसार मध्यान्ह भोजन नहीं परोसा जा रहा है, जो बिल्कुल भी उचित नहीं है। मेरे द्वारा जागृति समूह की अध्यक्ष को इसमें सुधार करने को कहा गया है, अगर जागृति समूह द्वारा सुधार नहीं किया जाता है तो विधिवत कार्यवाही की जाएगी।

**कमलेश मरावी**
**सरपंच ग्राम पंचायत साम्हर**

हम बीआरसी से प्रस्ताव मांगेंगे और इस पर कार्यवाही की जाएगी।

**रामजीवन वर्मा**
**प्रभारी, एमडीएम**



# सपरिवार बांधवगढ़ पहुंचे डॉ. मोहन यादव

▸ **मुख्यमंत्री जंगल सफारी का लेंगे आनंद**

**नवभारत, उमरिया 30 दिसंबर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्ष के अंतिम दिनों में सपरिवार निजी दौरे पर बांधवगढ़ पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री प्लेन से उमरिया हवाईपट्टी पहुंचे, जहां से वे बिना किसी औपचारिक कार्यक्रम के सीधे सड़क मार्ग से बांधवगढ़ के लिए रवाना हो गए। उनके अचानक आगमन की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस अमला पूरी तरह सतर्क नजर आया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरमनिया में स्थित ओबेरॉय होटल में परिवार के साथ रात्रि विश्राम करेंगे। प्रवास के दौरान वे अगले दिन सुबह टाइगर सफारी कर जंगल के राजा बाघ का दीदार करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा पूरी तरह निजी बताया जा रहा है, हालांकि सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने सभी जरूरी इंतजाम किए हैं।

### शहडोल संभाग कमिश्नर भी पहुंची बांधवगढ़

मुख्यमंत्री के उमरिया पहुंचने से पहले प्रशासनिक हलकों में भी हलचल देखने को मिली। बताया जाता है कि शहडोल संभाग की कमिश्नर सुरभि गुप्ता तैयारियों को लेकर काफी सख्त नजर आईं और उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान कर्मचारी चुपचाप निर्देश सुनते और व्यवस्थाओं में जुटे नजर आए। यह दृश्य भी मौके पर मौजूद लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।



# चीतल का शिकार करने वाले 4 और गिरफ्तार

▸ **अब तक 8 आरोपियों को पकड़ा गया**

**चिल्हारी नवभारत 30 दिसंबर।** बांधवगढ टाइगर रिजर्व में चीतल का शिकार करने के मामले में चार और आरोपियो को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है। इन सभी आरोपियो पर पर कुत्तों से दौड़ाकर और डंडों से पीट-पीटकर चीतल का शिकार करने का आरोप है। इस मामले में अब तक कुल 8 आरोपी पकडे जा चुके हैं।

घटना 22 दिसंबर को पनपथा बफर परिक्षेत्र के खुसरिया बीट के कक्ष क्र. 191, बडवाहार जंगल में हुई थी। सूचना मिलने पर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके से कच्चा मांस और शिकार में इस्तेमाल की गई सामग्री जब्त की थी। शुरुआत में इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश जारी थी। वन विभाग बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की टीम ने रामनाथ साहू, धीरेंद्र सिंह, बृजेश और प्रमोद नामक चार अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया।

### वन्यजीवों के शिकार पर की जा रही कार्यवाही : गायकवाड़

सहायक संचालक भूरा गायकवाड़ ने बताया कि वन्यजीवों के शिकार के मामलों में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने पुष्टि की कि इस मामले में चीतल को कुत्तों से दौड़ाकर और डंडों से पीट-पीटकर मारने की घटना हुई है, जिस पर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है।

## शक्तिपीठ में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा 4 से

**चिल्हारी।** उमरिया जिले के उचेहरा ग्राम में स्थित मां ज्वाला शक्तिपीठ में श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 4 से 12 जनवरी तक किया जा रहा है। इसमें सीताराम शास्त्री यज्ञाचार्य होंगे एवं व्यास गद्दी पर विनयकान्त त्रिपाठी महाराज विराजमान होकर ज्ञान सरिता प्रवाहित करेंगे। प्रतिदिन सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक हवन, यज्ञ अनुष्ठान होगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक संगीतमय कथा होगी। मां ज्वाला धाम के प्रधान पुजारी बड़े महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा सर्व सुखों को देने वाली, मानव कल्याण करने वाली जीव मात्र की उन्नति के लिए हितकर सभी मनोकामनाएं पूर्ण करने वाली श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे आप सभी परिवार सहित मित्रों सहित पधारकर कथा श्रवण करे। जीवन को हरिहर कृपा से युक्त बनाये।

# पत्थरों से घायल बाघ... और सीएम का स्वागत

▸ **बांधवगढ़ में सिस्टम फेल, बीटीआर के फील्ड डायरेक्टर ने सीएम को गुलदस्ता भेंट किया**

**नवभारत, उमरिया 30 दिसंबर।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में इन दिनों 'जंगलराज' अपनी सीमाएं लांघ चुका है। कल पनपथा बफर जोन के बेल्दी गांव में सुरक्षा की ऐसी धज्जियां उड़ीं कि पूरे प्रदेश का सिर शर्म से झुक गया। अधिकारियों की मौजूदगी में राष्ट्रीय पशु बाघ पर सरेआम पत्थर बरसाए गए, नन्हें शावकों को जिप्सियों के पीछे असुरक्षित तरीके से दौड़ाया गया और पर्यटकों से जिप्सी में धक्के लगवाए गए।

यह सब उस समय हुआ जब फील्ड डायरेक्टर अनुपम सहाय और डिप्टी डायरेक्टर पीके वर्मा मौके पर प्रशासनिक प्रबंधन का 'दंभ' भर रहे थे। आज जब मुख्यमंत्री मोहन यादव अपने परिवार के साथ नए साल का जश्न मनाने यहां पहुंचे हैं, तो प्रदेश की जनता उनसे यह उम्मीद लगाए बैठी है कि वे अफसरों के बनाए गए 'कागजी पर्दे' को हटाकर बेजुबानों का असली दर्द देखेंगे।



### क्या मुख्यमंत्री को हकीकत से रूबरू कराएगा प्रबंधन?

बेल्दी गांव की वह दहला देने वाली घटना जिसमें बाघ को पत्थरों से मारा गया, आज पूरे सिस्टम की विफलता की गवाह बन गई है। ठीक इसी समय मुख्यमंत्री मोहन यादव बांधवगढ़ में मौजूद हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्या यहां का पार्क प्रबंधन मुख्यमंत्री को उस हकीकत से रूबरू कराएगा, जहां बाघ असुरक्षित हैं या फिर उन्हें केवल विलासिता और 'टाइगर साइटिंग' के मायाजाल में उलझाकर वापस भेज दिया जाएगा। क्या मुख्यमंत्री उन पत्थरों की गूंज सुन पाएंगे, जो बेजुबानों पर बरसाए गए, या अधिकारियों की खातिरदारी में यह गंभीर मामला दबा दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री बेजुबानों का हाल भी जानें

जनता मुख्यमंत्री से अपील कर रही है कि वे अपनी इस यात्रा के दौरान उन बेजुबान बाघों का हाल भी जानें, जो इस कुप्रबंधन की भेंट चढ़ रहे हैं। बीते एक साल से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व कुप्रबंधन और विवादों का केंद्र बना हुआ है। फील्ड डायरेक्टर अनुपम सहाय और उनकी टीम के खिलाफ शिकायतों का अंबार लगा है। प्रबंधन की मनमानी का आलम यह है कि स्थानीय विस्थापितों का हक मारकर रसूखदारों को गाइड पद पर नियुक्ति देने के लिए इंटरव्यू तक आयोजित कर लिए गए। डर इस बात का है कि कहीं मुख्यमंत्री को इन वास्तविक समस्याओं से दूर नहीं रखा जाए।

## मानिकपुर में 33/11 केवी सबस्टेशन के निर्माण हेतु कलेक्टर ने की भूमि हस्तांतरित

**शहपुरा नवभारत 30 दिसंबर।** मप्र शासन के निर्देशानुसार जिले के विकास एवं आम जनता की हित को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने 33/11 केवी सबस्टेशन के लिए विकासखंड शहपुरा के ग्राम मानिकपुर में स्थित भूमि भूमि हस्तांतरित की गई।

सब स्टेशन बन जाने से जिले के विकासखंड शहपुरा/डिंडौरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में विद्युत की पूर्ति होगी, जिससे किसानों खेती कार्य, विद्युत पंप, चक्की, राइस मिल, ऑयल मिल, स्वरोजगार संबंधी इकाईयों को पर्याप्त विद्युत की आपूर्ति होगी। भूमि का उपयोग केवल निर्धारित प्रयोजन अर्थात सबस्टेशन निर्माण के लिए ही किया जाएगा। निर्धारित समयावधि में यदि भूमि का उपयोग नहीं किया जाता है, तो शासन द्वारा उक्त भूमि को वापस लिए जाने का प्रावधान रहेगा। भूमि पर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के पूर्व संबंधित विभाग को नगर तथा ग्राम निवेश विभाग एवं स्थानीय निकाय से आवश्यक अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। निर्माण कार्य के दौरान भूमि के चारों ओर मार्ग विस्तार हेतु निर्धारित भूमि छोड़ते हुए कार्य किया जाएगा।

# 1100 दीपों से मनाया गया आस्था का महोत्सव

▸ **श्री राम मंदिर शहपुरा में महाआरती के 11 वर्ष पूर्ण**

**शहपुरा नवभारत 30 दिसंबर।** श्री राम मंदिर शहपुरा में महाआरती एवं भंडारा आयोजन के 11 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के प्रतीक स्वरूप 1100 दीपों का प्रज्वलन किया गया, जिससे संपूर्ण मंदिर परिसर दीपमय हो उठा। दीपों की रोशनी और मंत्रोच्चार के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बन गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना एवं भगवान श्रीराम की महाआरती से हुई।



इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलन कर धर्म और सेवा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए और 'जय श्रीराम' के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो गया।

### भंडारे का किया गया आयोजन

आयोजकों ने बताया कि विगत 11 वर्षों से लगातार महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, सद्भाव और सेवा भावना को मजबूत करना है। आयोजन के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मंदिर समिति के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

## भाखा में ऑल इंडिया ओपन वालीबॉल कल से

▸ **विजेता एवं उपविजेता टीमों को नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा**

**अमरपुर नवभारत 30 दिसंबर।** आदर्श क्लब नवयुवक मंडल ग्राम भाखा माल विकासखंड अमरपुर के तत्वावधान में नववर्ष के अवसर पर 1 से 4 जनवरी तक चार-दिवसीय ऑल इंडिया ओपन एवं ग्रामीण स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

इसमें ओपन विजेता टीम को 16 हजार 1 रुपए नकद व ट्रॉफी, ओपन उपविजेता टीम को 8 हजार 1 रूपए नगद व ट्रॉफी एवं ग्रामीण प्रथम विजेता टीम को 20 हजार 1 रुपए नकद व ट्रॉफी, ग्रामीण द्वितीय विजेता टीम को 10 हजार 1 रूपए नगद व ट्रॉफी एवं ग्रामीण तृतीय विजेता टीम को 5 हजार 1 रुपए नकद व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इच्छुक टीमें ऑल इंडिया ओपन प्रतियोगिता में 400 एवं ग्रामीण में 500 रूपए प्रवेश शुल्क 2 जनवरी की 2 बजे तक मोबाइल के माध्यम से जमा कर सकते हैं। आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि खिलाड़ियों को खेल के दौरान चोट लगने पर खिलाड़ी की स्वयं जिम्मेदारी होगी। इसके साथ ही मैन ऑफ द मैच के लिए ट्रॉफी व 15 किलोमीटर से अधिक दूरी से आने वाले टीमों की भोजन एवं आवास व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की जाएगी।

# अव्यवस्थाओं के विरोध में एनएसयूआई का प्रदर्शन



▸ **मानपुर महाविद्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाकर की साफ-सफाई**

**चिल्हारी नवभारत 30 दिसंबर।** जिला मुख्यालय के मानपुर स्थित स्व. छोटेलाल महाविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं के विरोध में एनएसयूआई छात्र संगठन और ब्लॉक कांग्रेस की ओर से महाविद्यालय कैंपस में अध्ययनरत बच्चों के साथ झाड़ू लगाकर स्थानीय प्रशासन एवं कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया।

बता दें कि महाविद्यालय मानपुर में अध्यनरत बच्चों को प्रबंधन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं, जैसे नियमित क्लासेस लगना, लाइब्रेरी, सीसीटीवी, पाठ्यक्रम को बढ़ाए जाने, साफ सफाई, नियमित प्राध्यापक आदि कई मांगों को लेकर एनएसयूआई अध्यक्ष रितिक प्यासी द्वारा बीते 18 दिसंबर को अनुविभागीय अधिकारी मानपुर को एक ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन के दौरान एसडीम मानपुर द्वारा महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था जल्द ही नगर परिषद मानपुर से कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक महाविद्यालय परिसर में व्याप्त असुविधाओं में कोई सुधार नहीं किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति**-इसके विरोध में एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष रितिक पयासी ने ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और अध्यनरत छात्र-छात्राओं साथ महाविद्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर प्रशासन की नाकामी पर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रोशनी सिंह जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अंजू सिंह उप ब्लॉक इंदवार के अध्यक्ष गौरीशंकर मिश्रा युवा नेता विजय गौतम यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पंकज गौतम वरिष्ठ कांग्रेसी मुकेश मिश्रा रमेश सिंह रवि सेन आदि कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसान संघ का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी




▸ **समाधान तक पीछे हटने को तैयार नहीं किसान**

**शहपुरा नवभारत 30 दिसंबर।** शहपुरा में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ द्वारा शुरू किया गया आंदोलन दूसरे दिन भी लगातार जारी रहा। आंदोलन स्थल पर बड़ी संख्या में किसान डटे रहे और अपनी मांगों को लेकर प्रशासन पर दबाव बनाते नजर आए।

इस दौरान एसडीएम शहपुरा अपने प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर पहुंचे और किसान संघ के पदाधिकारियों से चर्चा कर समस्याओं के समाधान को लेकर आपसी विचार-विमर्श किया। प्रशासन की ओर से किसानों की मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने तथा शीघ्र निराकरण के प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया गया। आंदोलन में क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे भी पहुंचे। उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि इन मुद्दों को मध्यप्रदेश शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखकर समाधान के लिए पहल की जाएगी।

**मौखिक नहीं लिखित आश्वासन चाहिए** -भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों और आंदोलनरत किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक खेतों में सिंचाई के लिए समुचित पानी की व्यवस्था, विद्युत ट्रांसफार्मर की समस्या का स्थायी समाधान तथा निर्माण कार्यों में हुए कथित भारी भ्रष्टाचार के दोषियों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष ने कहा कि केवल मौखिक आश्वासन नहीं, बल्कि लिखित भरोसा, कार्य प्रारंभ होने और वास्तविक कार्रवाई के बाद ही आंदोलन समाप्त करने पर विचार किया जाएगा।



# कई मामलों का किया गया त्वरित निराकरण

▸ **एसडीएम शहपुरा की जनसुनवाई में आए 12 आवेदन**

**शहपुरा नवभारत 30 दिसंबर।** शहपुरा अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) आईएएस एश्वर्य वर्मा द्वारा मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कुछ आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों को संबंधित विभाग प्रमुखों को समय-सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान नगर परिषद शहपुरा निवासी दिनेश साहू ने मजदूरी भुगतान से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा अवैध उत्खनन, शासकीय नलकूप में मोटर स्थापना, पेयजल, कृषि, सिंचाई तथा अन्य विभागीय समस्याओं से जुड़े आवेदन भी सामने आए। एसडीएम एश्वर्य वर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें।